संख्या–cm-114
07/03/2021

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मुख्यमंत्री ने 'लाइट हाउस' का किया उद्घाटन

पटना, 07 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पटना स्थित शेखपुरा शाखा में महाशिवरात्रि महोत्सव पर आयोजित 'लाइट हाउस' एंजल उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, शेखपुरा शाखा में शिलापट्ट अनावरण कर 'लाइट हाउस' का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर परमपिता शिव बाबा को नमन किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी संगीता दीदी ने सहज राजयोग एवं आध्यात्मिक जीवन पद्धति पर प्रकाश डाला।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परिवार द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत शॉल, पौधा, शिव बाबा का तैलचित्र, पुस्तक एवं ईश्वरीय प्रसाद भेंटकर किया गया।

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री उपेंद्र शर्मा, राजयोगी ब्रह्माकुमार डॉ0 बनारसी लाल साह, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रुक्मिणी दीदी सहित बड़ी संख्या में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परिवार से जुड़े सदस्य एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******